भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 771

जिसका उत्तर 04.12.2025 को दिया जाना है

हरित राजमार्ग की स्थिति और विकास

771. श्री दुरई वाइको:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) त्रिची-करूर-कोयम्बटूर हरित राजमार्ग परियोजना, चेन्नई-त्रिची-तूतीकोरिन हरित राजमार्ग परियोजना, त्रिची सेमी-एक्सेस नियंत्रित रिंग रोड परियोजना (जीयापुरम-पंचपुर-थुवाकुडी) की वर्तमान स्थिति क्या है और त्रिची-तंजावुर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) पर पलपन्नई-थुवाकुडी सर्विस रोड के पूरा होने की स्थिति क्या है; और

(ख) क्षेत्र में संपर्क में सुधार और आर्थिक विकास को सुविधाजनक बनाने के लिए उक्त परियोजनाओं के कार्यान्वयन में तेजी लाने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख) करूर - कोयंबटूर (ii) चेन्नई-त्रिची-मदुरै कॉरिडोर और (iii) त्रिची रिंग रोड के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। परियोजना के कार्यान्वयन का फैसला डीपीआर के नतीजे, संपर्कता की आवश्यकता, यातायात घनत्व और पीएम गति शक्ति मास्टर प्लान के साथ तालमेल के आधार पर लिया जाएगा। त्रिची-तंजावुर खंड पर पलपन्नई-थुवाकुडी सर्विस रोड के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

*****